एक नजर में

टोपी -रेलवे- मुंबई-पुणे में भारी बारिश

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. मध्य रेल के तहत भारी बारिश के कारण पुणे और नागपुर मंडल की कई ट्रेनें प्रभावित हुईं. हालांकि सबसे अधिक प्रभावित पुणे मंडल है जिसमें मुंबई से ट्रेन संपर्क लगभग टूट गया है. वहीं नागपुर स्टेशन से गुजरने वाली कुछ ट्रेनें आंशिक रूप से प्रभावित हुईं. इनमें ट्रेन 20822 को संतरागाछी-पुणे हमसफर एक्सप्रेस को 2 दिनों तक पनवेल में समाप्त कर दिया गया. वापसी में ये ट्रेनें पनवेल से ही रवाना की गईं. सोमवार को मुंबई और पुणे से नागपुर के लिए रवाना की गईं लगभग सभी ट्रेनें अपने निर्धारित समय से परिचालित की गईं.

पिछले 24 घंटे में औसतन 2.4 मिमी वर्षा दर्ज

बैतूल। जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान औसतन 2.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक, भू-अभिलेख ने बताया कि 5 जुलाई प्रात: 8 बजे से 6 जुलाई प्रात: 8 बजे तक जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर वर्षा रिकॉर्ड की गई। उन्होंने बताया कि बैतूल में 0.4 मिमी, घोड़ाडोंगरी में 2.0 मिमी, चिचोली में 2.0 मिमी, शाहपुर में 3.0 मिमी, मुलताई में 4.0 मिमी, प्रभात पट्टन में 9.4 मिमी, आमला में 3.0 मिमी, भैंसदेही में 0.0 मिमी, आठनेर में 0.0 मिमी तथा भीमपुर में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में वर्षा ऋतु 2026-27 में अब तक औसतन 245.9 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। वहीं गत वर्ष 2025-26 में अब तक 223.6 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी। उल्लेखनीय है कि जिले की सामान्य औसत वर्षा 1083.9 मिमी है तथा गत वर्ष की सामान्य औसत वर्षा 1097.4 मिमी रही थी।

पशुपालकों के घर पहुंचेंगे अधिकारी

बैतूल। प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालकों को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 13 जुलाई से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तीसरा चरण शुरू किया जाएगा। उप संचालक पशुपालन श्री सुरजीत सिंह ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी जिले के 13 हजार 600 पशुपालकों के घर-घर दस्तक देंगे। इस चरण में विशेष रूप से 3 से 4 गाय-भैंस रखने वाले पशुपालकों पर फोकस होगा। प्रशिक्षित अमला ग्रामीणों को उन्नत नस्ल सुधार, बेहतर पशु पोषण, समय पर टीकाकरण और सेक्स सॉर्टेड सीमन तकनीक की जानकारियां देगा।

योगिनी एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह 10 को

बैतूल। युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में योगिनी एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन 10 जुलाई दिन शुक्रवार को तुलसी भवन विनोबा वार्ड बैतूल में शाम 6 बजे से आयोजित की जाएगी। पंडित पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि शास्त्रों में योगिनी एकादशी को बहुत दिव्य और मोक्षदायी महत्व बताया गया है। पुराणों के अनुसार यह व्रत रोगों से मुक्ति और 88000 ब्राह्मण को भोजन कराने के समान पुण्य फल प्रदान करता है। श्री तिवारी ने बताया कि आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष में आने वाली इस एकादशी को सभी मनोकामनाओं की पूरी करने वाला बताया गया है। शास्त्रों के अनुसार यदि किसी व्यक्ति को त्वचा रोग जैसे कोढ़ आदि का निवारण इस व्रत के प्रभाव से खत्म हो जाते हैं।

कवच से लैस हुआ गोधनी-तिगांव सेक्शन

मध्य रेल नागपुर मंडल की बड़ी उपलब्धि

नागपुर, नगर प्रतिनिधि. मध्य रेल नागपुर मंडल ने रेल सुरक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए गोधनी-तिगांव सेक्शन में रेल खंड पर स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली स्टैंडर्ड कवच का सफलतापूर्वक कमीशनिंग कर दिया. इसके साथ ही दिल्ली रूट पर इटारसी-नागपुर के बीच यह महत्वपूर्ण घाट सेक्शन अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीक से लैस हो गया. रेलवे का दावा है कि इससे ट्रेनों का संचालन पहले से अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय और सुचारु होगा तथा मानवीय त्रुटियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा.

देश के व्यस्ततम रेल सेक्शनों में शामिल

उल्लेखनीय है कि गोधनी-तिगांव सेक्शन मध्य रेल के तहत नागपुर से इटारसी के बीच महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसे देश के सबसे व्यस्त और उच्च घनत्व वाले रेल कॉरिडोरों में शामिल किया जाता है.

यह सेक्शन चुनौतीपूर्ण घाट क्षेत्र से होकर गुजरता है, जहां तीव्र ढाल, भारी रेल यातायात और जटिल परिचालन परिस्थितियों के कारण ट्रेनों के संचालन में विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है. ऐसे सेक्शन पर स्टैंडर्ड कवच का लागू होना सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

हर पल रहेगी ट्रेनों की निगरानी

स्टैंडर्ड कवच पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है. यह ट्रेन की गति और संचालन पर लगातार नजर रखती है तथा लोको पायलट को निर्धारित गति सीमा का पालन करने में सहायता करती है. यदि किसी कारणवश सिग्नल पासिंग एट डेंजर (एसपीएडी) जैसी स्थिति बनती है या गति निर्धारित सीमा से अधिक हो जाती है तो प्रणाली स्वत: ब्रेक लगाकर दुर्घटना की संभावना को काफी हद तक कम कर देती है.

सुरक्षा के साथ बढ़ेगी परिचालन क्षमता

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, कवच प्रणाली लागू होने से इस कठिन घाट सेक्शन में यात्री और मालगाड़ियों का संचालन अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित होगा. इससे परिचालन दक्षता में भी सुधार आएगा तथा व्यस्त रेलमार्ग पर ट्रेनों के संचालन को और बेहतर बनाया जा सकेगा. मध्य रेल ने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय रेल के सुरक्षा आधुनिकीकरण अभियान और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के अनुरूप है. स्वदेशी तकनीकों के उपयोग से रेल सुरक्षा को नई मजबूती मिल रही है. गोधनी-तिगांव सेक्शन पर स्टैंडर्ड कवच की सफल तैनाती इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है.

सक्करदरा में धरा गया गांजा विक्रेता

नागपुर. सक्करदरा तालाब बगीचे के पास गांजा बिक्री कर रहे एक आरोपी को पुलिस ने दबोचा. पकड़ा गया आरोपी रानी भोसलेनगर, भांडेप्लाट निवासी विजय देवानंद ताजने (26) बताया गया. पुलिस को खबर मिली थी कि सक्करदरा लेक गार्डन के समीप एक व्यक्ति संदेहास्पद स्थिति में घूम रहा है और गांजा की बिक्री कर रहा है. खबर के आधार पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और विजय को दबोचा. तलाशी लेने पर उसकी थैली में 73 प्लास्टिक पाउच में गांजा की पुड़िया दिखाई दी. कुल वह 444 ग्राम बताया गया. पुलिस ने आरोपी से माल जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. इंस्पेक्टर रमेश खुणे और मनोज पवार के मार्गदर्शन में पीएसआई महेश पांडे, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र नितनवरे, किशोर हाते, दीपक रोहने, संदीप लोलुसरे और शरदसिंह टेंभरे ने कार्रवाई को अंजाम दिया.

हवाई अड्डे से घर लौटे मंत्री, विधायक

खराब मौसम के चलते मुंबई फ्लाइट की लेटलतीफी व रद्द होने का असर

नागपुर, निज संवाददाता. मुंबई में पिछले सप्ताह से जारी भारी बारिश के कारण हवाई सेवाएं प्रभावित हो गईं, जिसका असर नागपुर और विदर्भ के मंत्रियों, विधायकों तथा अन्य नेताओं पर भी पड़ा. सोमवार सुबह मुंबई से आने वाली 2 उड़ानें विलंब से पहुंचीं, जबकि एक उड़ान रद्द कर दी गई. खराब मौसम के कारण मुंबई से विमान समय पर उड़ान नहीं भर सके. मौसम सामान्य होने के बाद भी कई उड़ानों में देरी हुई. ऐसी स्थिति में मुंबई से नागपुर के लिए विमान नहीं पहुंच पाया. विधानसभा के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए मुंबई जाने हेतु राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, विधायक विकास ठाकरे, प्रवीण दटके, राजीव पोतदार सहित कई जनप्रतिनिधि एयरपोर्ट पहुंचे थे लेकिन उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा. उड़ानों में लगातार हो रही देरी को देखते हुए उन्हें सत्र में शामिल होने की अपनी योजना रद्द करनी पड़ी और मुंबई जाने की बजाय घर लौटने का फैसला करना पड़ा. बावनकुले ने भी अंतिम समय में अपना मुंबई दौरा रद्द कर दिया.

बढ़ानी चाहिए अधिवेशन की अवधि : ठाकरे

मुंबई से सुबह की उड़ान नहीं आने के कारण यात्रियों को भी भारी असुविधा हुई. विधायक विकास ठाकरे ने कहा कि मुंबई में जलभराव होने के बावजूद विधानसभा भवन तक पहुंचा जा सकता था. उन्होंने मांग की कि विधायकों के महत्वपूर्ण प्रश्नों को देखते हुए विधानसभा की कार्यवाही की अवधि बढ़ाई जानी चाहिए. हालांकि कार्यवाही कितनी बढ़ाई जाए, इसका निर्णय विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में आता है. वहीं विधायक प्रवीण दटके ने बताया कि बारिश के कारण मुंबई जाने वाली उड़ान में देरी हो रही थी. उन्होंने कहा कि पहले भी एक बार उन्हें करीब 11 घंटे तक विमान में ही इंतजार करना पड़ा था. उसी खराब अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस बार विमान में फंसने की बजाय उन्होंने दूसरे दिन मंगलवार को मुंबई जाने का निर्णय लिया. ऐसा ही अनुभव अन्य विधायकों को भी हुआ.

राजस्थान से धरा गया ठग, व्यापारी बनकर कई लोगों को लगाया चूना

नागपुर. खुदको ग्रेनाइट का व्यापारी बताकर व्यवसायियों को ठगने वाले राजस्थान के आरोपी को क्राइम ब्रांच यूनिट 4 की टीम ने गिरफ्तार किया. पकड़ा गया आरोपी सरदार शहर, चुरु, राजस्थान निवासी संदीप महेंद्रदान चारण (29) बताया गया. बेलतरोड़ी पुलिस ने शुभांगीनगर निवासी रघुनाथप्रसाद गुजर (57) की शिकायत पर मामला दर्ज किया था. गुजर अपने घर के समीप शिव ग्रेनाइट नामक दुकान चलाते हैं. 31 जनवरी 2026 को आरोपी संदीप ने उनसे इंस्टाग्राम आईडी पर संपर्क किया. खुदको ग्रेनाइट का थोक व्यापारी बताया. अलग-अलग मोबाइल से उन्हें वीडियो कॉल करके सस्ते दाम में ग्रेनाइट उपलब्ध करवाने की जानकारी दी. साथ में वह कैटलॉग भी भेजता था. इससे गुजर को संदीप पर भरोसा हो गया. उन्होंने समय-समय पर संदीप के खाते में 3.35 लाख रुपये ट्रांस्फर किए, लेकिन आर्डर किया गया ग्रेनाइट नागपुर नहीं पहुंचा. गुजर ने दोबारा उससे संपर्क किया तो फोन बंद हो गया. ठगे जाने का पता चलने पर गुजर ने बेलतरोड़ी पुलिस से शिकायत की. पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया. क्राइम ब्रांच यूनिट 4 की टीम भी जांच में जुट गई. तकनीकी जांच से आरोपी के राजस्थान में होने का पता चला. पुलिस ने उसकी जानकारी हासिल की और उसी के गांव में जाल बिछाया गया. रविवार को पुलिस ने उसे घर से गिरफ्तार कर लिया और नागपुर लाया गया. आरोपी ने इसी तरह अन्य 4 व्यवसायी के साथ भी धोखाधड़ी करने की जानकारी दी. आगे की जांच बेलतरोड़ी पुलिस कर रही है.

ओबीसी जनगणना पर भूमिका स्पष्ट करें बीजेपी नेता

कांग्रेस शहर अध्यक्ष गुडधे ने दिया 15 दिन का अल्टीमेटम

नागपुर, निज संवाददाता. जनगणना में ओबीसी की अलग से गणना कराई जाए, इस मुद्दे पर भाजपा नेताओं को अपनी भूमिका स्पष्ट करनी चाहिए. ओबीसी समाज के समर्थन से सत्ता और पद प्राप्त करने वाले नेताओं को यह साबित करना चाहिए कि उन्हें वास्तव में जनता की चिंता है या वे ओबीसी विरोधी भाजपा के प्रति अधिक निष्ठावान हैं. यह चुनौती कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रफुल्ल गुडधे ने प्रेस-परिषद में दी. उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को जवाब देने के लिए 15 दिनों का समय दिया जा रहा है.

इसके बाद उन्हें रिमाइंडर भेजा जाएगा. गुडधे ने कहा कि चुनाव के समय बीजेपी नेता स्वयं को ओबीसी समाज का हितैषी बताते हैं. केंद्र हो या राज्य, सरकारें ओबीसी समाज के वोटों के आधार पर बनती हैं लेकिन जब ओबीसी समाज के अधिकारों की बात आती है तो यही नेता चुप्पी साध लेते हैं और केवल अपने पदों से चिपके रहते हैं. उन्होंने कहा कि यदि घर-घर की गणना के साथ ही ओबीसी की अलग गणना की गई होती तो समाज की वास्तविक जनसंख्या और उसकी ताकत सामने आ जाती. आने वाली जनगणना में ओबीसी की अलग जातिवार गणना होगी या नहीं, इसे लेकर हमें गंभीर संदेह है. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में ओबीसी जनगणना का मुद्दा उठाया था. स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाति-वार जनगणना का आश्वासन दिया था लेकिन बाद में अपने वादों से पीछे हट गए.

इस अवसर पर अतुल लोंढे, संदेश सिंगलकर, बंडोपंत टेंभुर्णे, विजय सरटकर, अशोक यावले उपस्थित थे.

बावनकुले नंबर-2 के मंत्री

गुडधे ने कहा कि राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले राज्य में मुख्यमंत्री के बाद दूसरे नंबर के मंत्री माने जाते हैं और मुख्यमंत्री पद की दौड़ में भी उनका नाम लिया जाता है. यदि कोई ओबीसी मुख्यमंत्री बनता है तो उन्हें शुभकामनाएं. उन्होंने बताया कि बावनकुले सहित विदर्भ के सभी मंत्रियों, भाजपा के वर्तमान एवं पूर्व सांसदों, विधायकों तथा नागपुर मनपा के नगरसेवकों को इस संबंध में पत्र भेजे जा रहे हैं. सकल ओबीसी समाज के संयोजक उमेश केराम ने मांग की कि जनगणना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम बनाया जाए. उन्होंने कहा कि वास्तविक जनसंख्या का आंकड़ा उपलब्ध न होने के कारण ओबीसी समाज को बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है.

संपर्क अभियान के तहत 8 जुलाई को शिविर का आयोजन

बैतूल। विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल शहर जोन- 1 द्वारा संपर्क अभियान के तहत 8 जुलाई को टैगोर वार्ड की आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें क्लस्टर क्रमांक- 4 के टैगोर वार्ड क्रमांक- 22 एवं जवाहर वार्ड क्रमांक- 26 के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र बैतूल शहर जोन- 1 के प्रबंधक ने बताया कि 13 जुलाई को शंकर वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र काली चट्टान कालापाठा के पास आयोजित शिविर में क्लस्टर क्रमांक- 7 के शंकर वार्ड क्रमांक- 33 एवं विवेकानंद वार्ड क्रमांक- 28 के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण होगा। इसके अलावा 17 जुलाई को विकास वार्ड आंगनबाड़ी केंद्र संजय कॉलोनी में आयोजित शिविर में क्लस्टर क्रमांक- 5 के विकास वार्ड क्रमांक -28 एवं शिवाजी वार्ड क्रमांक- 5 के उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने सभी से शिविर का लाभ लेने का आह्वान किया है।

कुकरू बुज पॉइंट पर लगाए 500 से अधिक पौधे

बैतूल। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से कुकरू में रविवार 5 जुलाई को आर.के. मेमोरियल हॉस्पिटल एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कुकरू बुज पॉइंट पर 500 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर.के. मेमोरियल हॉस्पिटल की संचालक एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद बैतूल महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष डॉ. कृष्णा मौसिक, परिषद के नर्मदापुरम संभाग के कार्यवाहक अध्यक्ष योगेश धुर्वे तथा नर्मदापुरम

संभाग के उपाध्यक्ष जनक लाल मवासे उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर परिषद के सदस्य डॉ. आरजू मर्सकोले, गीतू मवासे, मयंक मौसिक, हेमंत मौसिक सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जिला अस्पताल से युवती के गायब होने का आरोप

सारनी। बीती रात जिला अस्पताल से युवती के गायब होने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पीड़ित परिजनों ने कोतवाली थाने में की है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल हरकत में आई और युवती की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हॉस्पिटल में लगे सीसी कैमरे में युवती के गायब होने के पीछे हॉस्पिटल पार्किंग में काम करने वाला युवक निकला। कोतवाली थाने से एसआई एवं प्रधान आरक्षक एवं पुलिस कर्मियों ने पार्किंग में काम करने वाले लड़के भूपेंद्र के घर दबिश दी। पुलिस टीम को भूपेंद्र का मोबाईल मिला। युवती एवं भूपेंद्र का कोई पता नहीं चला। बताया जाता है कि नगरपालिका के पास रहने वाली महिला लंबे समय से वात एवं लकवा बीमारी से पीडित है। उक्त महिला की तबियत खराब होने पर बैतूल शासकीय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उक्त महिला की बेटी अपनी मां की सेवा में लगी थी। बताया जाता है कि 5 जुलाई को मां के लिए दूध का पैकेट लेने शाम सात बजे गई। लेकिन रात्री 10 बजे तक वापस नहीं आने पर तलाश शुरू की। हॉस्पिटल में लगे सीसी कैमरे मे उक्त युवती को एक मोटर साइकल पर ले जाते देखा गया।

आज बैतूल पहुंचेंगे आचार्य समय सागर महाराज

बैतूल। चर्या शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावी शिष्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का मंगलवार 7 जुलाई को प्रात: 7 बजे बैतूल नगर में मंगल प्रवेश होगा। उनके आगमन को लेकर श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, बैतूल गंज सहित सकल जैन समाज में उत्साह का माहौल है तथा भव्य अगवानी की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बैतूल गंज के अध्यक्ष भानु जैन ने बताया कि आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश बडोरा चौक से प्रारंभ होकर श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, बैतूल

गंज तक होगा। उन्होंने सकल समाज से अपील की है कि भारत वर्ष के महान संत के भव्य स्वागत एवं अगवानी के साक्षी बनकर पुण्य लाभ अर्जित करें। उन्होंने बताया कि आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का मंगल विहार भोपाल की ओर जारी है। उनके साथ 20 मुनिराज भी विहार कर रहे हैं। जैन परंपरा के अनुसार आचार्य श्री एवं मुनिराज दिन में केवल एक बार आहार और जल ग्रहण करते हैं। श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के दर्शन का लाभ अवश्य प्राप्त करें।

भूमि विक्रय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि संजीवनी हेल्थकेयर एंड वेलफेयर सोसाइटी, छिंदवाड़ा (फर्म्स एवं सोसाइटी अधिनियम, मध्यप्रदेश के अंतर्गत), अपनी स्वामित्व वाली भूमि विक्रय हेतु उपलब्ध करा रही है।

पंजीकरण विवरण: संजीवनी हेल्थकेयर एंड वेलफेयर सोसाइटी

भूमि का विवरण:

1. खसरा नंबर-218/3, 219/
स्थान- धरमी, तह. हर्रई, छिंदवाड़ा
रकबा - 0459 हे.
2. खसरा नंबर - 156/2
स्थान- मेढकी, तह. हर्रई, छिंदवाड़ा
रकबा - 1.294 हे.)

इच्छुक पक्ष इस भूमि के अधिग्रहण/विक्रय संबंधी प्रक्रिया हेतु विधिक नियमों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

अंतिम तिथि- 11/07/2026

अध्यक्ष/सचिव
संजीवनी हेल्थकेयर एन्ड वेल फेयर सोसाइटी
पंडित रविशंकर वार्ड नंबर 42, गली नंबर 1
गुलाबरा, छिन्दवाड़ा
मोबाइल+91 9343921818

कार्यालय वनमंडलाधिकारी, पांढुर्णा सामान्य वनमंडल

E-mail ID :: dfotschwara@mp.gov.in

// संक्षिप्त निविदा सूचना //

(राजसात / शासकीय अपलेखित / निर्वतन वाहन के विक्रय हेतु निविदाओ का आमंत्रण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पांढुर्णा सामान्य वनमंडल के अंतर्गत अंतिम रूप से वनमण्डल कार्यालय के प्रांगण में खडे राजसात वाहन निर्वतन किये जाने हेतु निम्नानुसार सारणी अनुसार निर्वतन किया जाना है।

क्रं.	निविदा का प्रथम चरण	निविदा का द्वितीय चरण
1	निविदा फार्म प्राप्त करने का दिनांक 13.07.2026 समय शाम 05.00 बजे तक	निविदा फार्म प्राप्त करने का दिनांक 27.07.2026 समय शाम 05.00 बजे तक
2	निविदा फार्म जमा करने का दिनांक 14.07.2026 समय दोपहर 2.00 बजे तक	निविदा फार्म जमा करने का दिनांक 28.07.2026 समय दोपहर 2.00 बजे तक
3	निविदा फार्म खुलने का दिनांक 14.07.2026 समय सायं 4.00 बजे निविदाकारों के समक्ष	निविदा फार्म खुलने का दिनांक 29.07.2026 समय सांय 4.00 बजे निविदाकारों के समक्ष

प्रत्येक निविदाकार को प्रत्येक वाहन के लिये दो पहिया वाहन के लिये 1000/- (एक हजार रूपये) एवं चार पहिया वाहन के लिये 5000/- (पांच हजार रूपये) जमानत के रूप में जमा करना होगा। यदि जमानत की राशि निर्धारित रूप से प्रस्तुत नहीं की जावेगी तो निविदा अस्वीकृत कर दी जावेगी। स्वीकृत निविदाकारों की जमानत की राशि तब तक मुक्त नही की जावेगी, जब तक कि उक्त वाहन का निर्वतन पूर्ण रूप से नही हो जावे। निविदाओं में विक्रय हेतु प्रस्तावित वाहनों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्रं.	वाहन का प्रकार	मॉडल	पंजीयन क्रमांक	स्थल जहां वाहन खड़ा है।
	शासकीय अपलेखित वाहन			
1	मारूति जिप्सी	2000	MP02-AV-5072	तत्का. परिक्षेत्र लावाघोघरी
	शासन के पक्ष में राजसात वाहन			
2	मारोती ओमनी	2010	MP-28-BD-1224	वन परिक्षेत्र सौंसर
3	फोर्स ट्रम्प	2014	MP-28-G-2616	वन परिक्षेत्र अंबाड़ा
4	टेम्पो ट्रेक्स	2004	MH-31-CM-0176	वन परिक्षेत्र सौंसर
5	टाटा मैजिक	2009	MH-31-CA-2978	वन परिक्षेत्र सौंसर
6	महिन्द्रा पिकअप	2007	MH-32-B-4973	सौंसर
7	टाटा पिकअप वैन (छोटा हाथी)	2017	MP-28-I-1316	सौंसर
8	हिरो होण्डा मोटर साईकिल	-	MH-14-Z-8010	पांढुर्णा
9	होण्डा मोटर साईकिल	2019	MP-28-MZ-7467	पांढुर्णा
10	पल्सर मोटर साईकिल	2015	MP-28-MM-3326	अंबाड़ा
11	महिन्द्रा बुलेरो पिकअप	2020	MH-31-FC-4993	कन्हान
12	अशोक लिलैण्ड पिकअप	2021	MH-49-AT-7146	कन्हान
13	मारूति सुजुकी छोटा हाथी	2019	MP-28-L-1649	कन्हान
14	बजाज प्लेटिना मोटर साईकिल	2022	MP-28-NE-7792	सौंसर
15	हिरो स्प्लेण्डर	2014	MP-28-MK-8440	कन्हान
16	टाटा पिकअप	2013	MH-29-T-5705	कन्हान
17	महिन्द्रा पिकअप	2021	MH-49-AT-7284	कन्हान
18	डिलक्स मोटर साईकिल	2018	MP-28-MT-8943	कन्हान
19	स्टार सिटी मोटर साईकिल	2018	MD625FF14J3K40769	कन्हान
20	महेन्द्र पिकअप	2008	MH-40-N-0585	कन्हान
21	महेन्द्र पिकअप	2018	MH-31-FC-2479	कन्हान
22	स्प्लेंडर मोटर साईकिल	2006	MH-31-CC-7005	कन्हान
23	महिन्द्रा पिकअप	2021	MH-40-CD-1127	कन्हान
24	टाटा सूमो	2001	MH-24-C-2504	कन्हान
25	बजाज प्लेटीना मोटर साईकिल	2015	MP-28-MN-5109	कन्हान
26	अशोक लिलैण्ड पिकअप	2017	MP-28-G-4144	कन्हान
27	टाटा मैजिक	2010	MH-31-DK-1662	पांढुर्णा
28	पिकअप	2013	MH-40-Y-4855	पांढुर्णा
29	मोटर साईकिल पैशन प्रो	2015	MP-28-MP-1341	पांढुर्णा

नोट:- निविदा फार्म एवं शर्त विज्ञप्ति के दिवस से 14.07.2026 के पूर्व दिनांक 13.07.2026 शाम 05.00 बजे एवं दिनांक 28.07.2026 के पूर्व दिनांक 27.07.2026 शाम 05.00 बजे तक कार्यालयीन समय में रूपये 200/- का बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत करने पर वनमण्डलाधिकारी कार्यालय पांढुर्णा से प्राप्त किये जा सकते है विस्तृत शर्ते वन विभाग की वेब साईट www.mpforest.gov.in पर देखी जा सकती है।

वनमंडलाधिकारी
पांढुर्णा सामान्य वनमंडल

G-15335/26

बैठक | धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए

खाद का सुचारू वितरण कराएं, अनियमितता पर सख्त कार्रवाई करें : कलेक्टर

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनहित के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार शिकायतों की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण, राजस्व, जल संसाधन, स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वाणिज्यिक कर सहित अन्य विभागों को एक सप्ताह के भीतर अधिकतम शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों के निराकरण में अपेक्षाकृत कम प्रगति पर जनपद

पंचायत भैंसदेही, घोड़ाडोंगरी एवं आठनेर को विशेष प्रयास करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने सभी एसडीएम एवं खनिज विभाग को जिले में खनन प्रतिबंध संबंधी आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसडीएम नियमित रूप से फील्ड मॉनिटरिंग करें तथा अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही निजी खाद विक्रेताओं की दुकानों का नियमित निरीक्षण कर किसानों को खाद का सुचारू वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध एफआईआर सहित सख्त कार्रवाई की जाए।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने समय-सीमा से बाहर के मामलों में संबंधित अधिकारियों पर अर्थदंड अधिरोपित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसुनवाई एवं समय-सीमा के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

झल्लार क्षेत्र के राजस्व प्रकरणों में मिलान एवं त्रुटि सुधार कार्य में नायब तहसीलदार झल्लार को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी एसडीएम से अपने-अपने क्षेत्र में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत मॉनिटरिंग और विकास कार्यों का निरीक्षण करने को कहा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले के चिन्हित 554 ग्रामों में अधोसंरचना विकास एवं शासकीय योजनाओं के शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी निरीक्षण के दौरान इन ग्रामों में योजनाओं के क्रियान्वयन का स्थलीय परीक्षण भी किया जाएगा। बैठक में लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।